उत्तराखण्ड शासन

संस्कृति निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु मंच निमार्ण, टैन्ट पण्डाल, जनरेटर सेट, सामान ढुलान, पुष्प साज–सज्जा आदि किराया व्यवस्था के लिए निविदा सूचना, वित्तीय वर्ष 2018–19

संस्कृति निदेशालय, उत्तराखण्ड, एम0डी0डी0ए0 कालोनी, चन्दर रोड़, डालनवाला, देहरादून द्वारा बदरी–केदार उत्सव–2018 के अवसर पर दिनांक 27 अक्टूबर को कोटद्वार, 28 अक्टूबर को सतपुली, 29 अक्टूबर को श्रीनगर, 30 अक्टूबर को अगस्त्यमुनि, तथा दिनांक 01 नवम्बर को बदरीनाथ धाम में वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं इसके अतिरिक्त आगामी राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

इस अवसर पर मंच निर्माण, टैन्ट पण्डाल, जनरेटर सेट, सामान ढुलान, पुष्प साज–सज्जा आदि किराया व्यवस्था हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्मों से दिनांक 20/10/2018 की अपरान्ह 2.00 बजे तक अथवा उक्त तिथि को अवकाश होने की दशा में अगले कार्य दिवस तक निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा के वित्तीय प्रस्ताव एवं तकनीकी सम्बन्धी दस्तावेज अलग–अलग लिफाफे में तथा दोनों लिफाफे एक बड़े लिफाफे में सील बन्द निविदाएं प्रस्तुत करें। धरोहर धनराशि रू0 1,00000/–(रू0 एक लाख मात्र) किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक द्वारा निर्गत एफ0डी0आर0/ एन0एस0सी0/सी0डी0आर0 जो कि निदेशक, संस्कृति निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून के नाम पर बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि/समय के पश्चात् निविदाएं स्वीकार नहीं की जायेंगी। निविदाएं दिनांक 20/10/2018 की अपरान्ह 3.00 बजे गठित समिति द्वारा खोली जायेंगी, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं।

निविदा प्रपत्र विज्ञापन की तिथि से दिनांक 20/10/2018 प्राप्त 11:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समयान्तर्गत रू0 590/– मात्र की धनराशि नगद जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। विभागीय वेबसाईट www.uttarakhandculture.in पर निविदा प्रपत्र एवं शर्तें उपलब्ध है। वेबसाईट से डाउनलोड करने पर निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 590/– नगद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट पृथक रूप से निदेशक, संस्कृति निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून के नाम पर निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

निदेशक, संस्कृति विभाग, उत्तराखण्ड